>

Title: Regarding need to conduct employment-oriented skill development programmes for differently-abled persons in the country-laid.

श्री अनुराग शर्मा (झांसी) : देश में बेरोजगारी एवं जनहित को देखते हुए भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) का शुभारंभ किया गया था ।जिसका उद्देश्य हमारे देश के युवाओं के कौशल को एक नई दिशा देते हुए रोजगार के अवसर प्रदान करना था, जिसके अंतर्गत लाखों युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) दी गई एवं उनके योग्यता के आधार पर कई कंपनियों में नौकरियों के अवसर प्रदान किए गए ।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे लोगों को रोजगार मुहैया कराना था जो कि कम पढ़े लिखे हैं या किसी पारिवारिक /आर्थिक स्थिति के कारण अपनी शिक्षा पूरी ना कर सके हों ।

मेरे संसदीय क्षेत्र के जनपद झांसी व ललितपुर की कुल जनसंख्या क्रमशः लगभग 20 लाख व 12 लाख है । इनमें से कुल लगभग 70,000 लोग दिव्यांगजन आते हैं । वहीं पूरे देश में लगभग 2.68 करोड़ लोग दिव्यांगों की श्रेणी में आते हैं ।

मेरा सादर अनुरोध है कि दिव्यांगजनों के कौशल को निखार कर उन्हें रोजगार योग्य बनाया जाना अति आवश्यक है जिससे कि उन्हें आर्थिक स्थिति के चलते किसी पर निर्भर न रहना पड़े एवं वे भी अपने कौशल का प्रयोग कर स्वाभिमान के साथ अपना जीवनयापन कर सकें । इस हेतु इनके लिए विशेषतः अलग से कुछ कोर्स चलाए जाने की कृपा करें ।